UPSSSC ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा, 2016

व्याख्यात्मक हल प्रश्न-पत्र

सीरीज-A **परीक्षा तिथि-4.12.2016**

भाग–I (हिन्दी परिज्ञान एवं लेखन योग्यता)

1. हिन्दी वर्णमाला में अन्तःस्थ व्यंजन कौन-से हैं?

(a) श ष स ह (b) य र ल व

(c) क्ष त्र ज्ञ श्र (d) च छ ज झ

उत्तर–(b)

हिन्दी वर्णमाला में य, र, ल, व अन्तःस्थ व्यंजन हैं। श, ष, स, ह ऊष्म व्यंजन हैं। क्ष, त्र, ज्ञ, श्र संयुक्त व्यंजन हैं।

2. किस छन्द में 26 मात्राएँ होती हैं तथा 14-12 पर यति होती है?

(a) वीर (b) सोरठा

(c) गीतिका (d) छप्पय

उत्तर–(c)

26 मात्राओं से जो छन्द बनता है, उसे गीतिका छन्द कहा जाता है। गीतिका रूपमाला वर्ग का मात्रिक छन्द कहा जाता है। इसकी यति 14-12 मात्राओं पर होती है। डॉ. गोविन्द त्रिगुणायत ने अपनी पुस्तक 'शास्त्रीय समीक्षा के सिद्धांत' में लिखा है 'यह मात्रिक समछन्द है। इसमें 14 और 12 मात्राओं की यति से 26 मात्राएँ होती हैं। अन्त में लघु और गुरू रहते हैं। इसका संकेत सूत्र है–'रत्न रवि यति अन्त लग हो तब बनेगा गीतिका।' अर्थात गीतिका छन्द में 14 तथा 12 पर यति होती है तथा अन्त में क्रमशः लघु तथा गुरू वर्ण रहते हैं। यहाँ पर रत्न का अर्थ 14 तथा रवि का अर्थ 12 है।

3. निम्नलिखित में से असंगत (गलत) विलोम शब्द युग्म कौन-सा है?

(a) घात-प्रतिघात (b) प्रसारण-संकुचन

(c) शाश्वत-सदैव (d) खग-मृग

उत्तर–(c)

असंगत (गलत) विलोम शब्द युग्म है–शाश्वत-सदैव। शाश्वत का विलोम क्षणिक होता है न कि सदैव।

नोट : प्रश्न संख्या 4 व 5 में दिए गए वाक्यांशों के लिए एक शब्द का चयन करें।

4. 'जो अपने स्थान या स्थिति से अलग न किया जा सके'–

(a) अच्युत (b) अटूट

(c) अटल (d) अदेय

उत्तर–(a)

'जो अपने स्थान या स्थिति से अलग न किया जा सके' के लिए एक शब्द है 'अच्युत'। 'जो अपनी बात या जगह से टले नहीं' के लिए एक शब्द है 'अटल'। 'जो दिया न जा सके' के लिए एक शब्द है 'अदेय'।

5. 'जीने की इच्छा'–

(a) जिज्ञासु (b) जिजीविषा

(c) जिगीषु (d) पिपासु

उत्तर–(b)

वाक्यांश		एक शब्द
जीने की इच्छा	–	जिजीविषा
जानने की इच्छा रखने वाला	–	जिज्ञासु
किसी पर विजय पाने की इच्छा रखने वाला	–	जिगीषु
जिसे पानी या किसी अन्य वस्तु को पीने की प्यास हो	–	पिपासु

6. 'सख्यागमन' का सही सन्धि-विच्छेद है–

(a) सखी + आगमन (b) सखि + आगमन

(c) सखी + गमन (d) सख्या + गमन

उत्तर–(a)

यण् सन्धि के अनुसार, यदि इ या ई के पश्चात् इ तथा ई को छोड़कर कोई और (अ सवर्ण) स्वर हो, तो इ या ई के स्थान पर य् हो जाता है। 'सख्यागमन' का सही सन्धि-विच्छेद 'सखी + आगमन' है।

7. जब किसी सामान्य बात का विशेष बात से तथा विशेष बात का सामान्य बात से समर्थन किया जाए, वहाँ कौन-सा अलंकार होगा?

(a) विरोधाभास (b) सन्देह

(c) अर्थान्तरन्यास (d) विशेषोक्ति

उत्तर–(c)

जब किसी सामान्य बात का विशेष बात से तथा विशेष बात का सामान्य बात से समर्थन किया जाए, वहाँ अर्थान्तरन्यास अलंकार होता है। उदाहरण–

'जो रहीम उत्तम प्रकृति का करि सकत कुसंग।
चन्दन विष व्यापत नहीं, लपटे रहत भुजंग।।'

8. अशुद्ध वाक्य का चयन कीजिए।

(a) कामायनी उच्च कोटि का काव्य है।
(b) माता-पिता पुज्यनीय हैं।
(c) आपका भविष्य उज्ज्वल हो।
(d) इस पुस्तक का नया संस्करण प्रकाशित हो रहा है।

उत्तर–(b)

'माता-पिता पुज्यनीय हैं।' वाक्य अशुद्ध है। इस वाक्य में 'पुज्यनीय' शब्द के स्थान पर 'पूजनीय' शब्द होना चाहिए।

9. 'छायादार' शब्द किसका उदाहरण है?

(a) तत्सम (b) देशज
(c) विदेशज (d) संकर

उत्तर–(d)

'छायादार' शब्द संकर शब्द का उदाहरण है। यह हिन्दी के शब्द 'छाया' और फारसी के शब्द 'दार' से मिलकर बना है। दो भिन्न भाषाओं के भिन्न अर्थ वाले शब्दों के मिलने से बने यौगिक शब्दों को 'संकर' शब्द कहा जाता है।

10. निम्नलिखित में से किस विकल्प में सभी शब्द भाववाचक संज्ञा शब्द हैं?

(a) अमीर, गरीब, समूह, मिठास
(b) जवानी, खट्टास, पुस्तक, गंगा
(c) रसीला, कड़वाहट, बुढ़ापा, उन्नति
(d) धैर्य, चालाकी, उदासी, सूर्य

उत्तर–(c)

'रसीला, कड़वाहट, बुढ़ापा, उन्नति भाववाचक संज्ञा शब्द हैं। जिस शब्द से किसी वस्तु या व्यक्ति के गुण, दशा, भाव, व्यापार, धर्म, अवस्था, स्वभाव का बोध होता है, उसे भाववाचक संज्ञा कहते हैं।

11. नीचे लोकोक्तियाँ और उनके अर्थ दिए गए हैं। इनमें गलत अर्थ वाली लोकोक्ति का चयन कीजिए।

(a) आगे नाथ न पीछे पगहा–बन्धनहीन
(b) तीन तेरह होना–संगठित होना
(c) एक टकसाल के ढले हैं–सब एक जैसे हैं
(d) आँख के अन्धे गाँठ के पूरे–मूर्ख लेकिन धनवान

उत्तर–(b)

'तीन तेरह होना' मुहावरे का अर्थ 'भाग जाना' होता है न कि 'संगठित होना'।

12. 'गूलर का फूल होना' मुहावरे का सही अर्थ है–

(a) फूल की तरह खिलना (b) अति प्रसन्न होना
(c) दुर्लभ वस्तु (d) सुगन्धित होना

उत्तर–(c)

'गूलर का फूल होना' मुहावरे का सही अर्थ है – 'दुर्लभ वस्तु'।

13. 'मैंने राधा के लिए कपड़े खरीदे।' इस वाक्य में कारक का प्रकार बताइए।

(a) अपादान (b) करण
(c) सम्प्रदाय (d) कर्ता

उत्तर–(*)

प्रस्तुत वाक्य में सम्प्रदान कारक है, जिसका चिह्न है – को, के लिए। अपादान कारक का चिह्न 'से' (अलगाव के अर्थ में), करण कारक का चिह्न 'से' या 'द्वारा' और कर्ताकारक का चिह्न 'ने' है। प्रश्न में विकल्प (c) में 'सम्प्रदाय' दिया गया है जो कि त्रुटिपूर्ण है। इसके स्थान पर 'सम्प्रदान' होना चाहिए। UPSSSC ने अपने संशोधित उत्तर पत्रक में इस प्रश्न को हटा दिया है।

14. किस भाव की परिपक्व अवस्था को रस कहा जाता है?

(a) अनुभाव (b) विभाव
(c) संचारीभाव (d) स्थायीभाव

उत्तर–(d)

स्थायीभाव की परिपक्व अवस्था को 'रस' कहा जाता है। मानव हृदय में कुछ भाव स्थायी रूप से विद्यमान रहते हैं, जिन्हें 'स्थायीभाव' कहते हैं। रसों को उदित और उद्दीप्त करने वाली सामग्री 'विभाव' कहलाती है। जो भाव मन में अल्पकाल तक संचरण कर चले जाते हैं, उन्हें संचारीभाव कहते हैं। मनोगत भाव को व्यक्त करने वाली शारीरिक, मानसिक चेष्टाएँ अनुभाव कहलाती हैं।

15. 'तिरंगा' में कौन-सा समास है?

(a) द्वन्द्व (b) द्विगु
(c) अव्ययीभाव (d) तत्पुरुष

उत्तर–(b)

'तिरंगा' में द्विगु समास है। तिरंगा का समास विग्रह है – तीन रंग वाला। जिस समास का प्रथम पद संख्यावाचक और अंतिम पद संज्ञा हो, उसे द्विगु समास कहते हैं।

16. 'आभ्यन्तर' का सही अर्थ है–

(a) किसी वस्तु का आभा (b) किसी वस्तु का बाहरी भाग
(c) किसी वस्तु से भिन्न (d) किसी वस्तु का भीतरी भाग

उत्तर–(d)

'आभ्यन्तर' का सही अर्थ है – 'किसी वस्तु का भीतरी भाग'।

17. किस क्षेत्र की बोली को 'काशिका' कहा गया है?

(a) भीलवाड़ा (b) दिल्ली
(c) वाराणसी (d) सूरत

उत्तर–(c)

वाराणसी एवं उसके आस-पास के क्षेत्र की बोली को 'काशिका' कहा गया है। काशिका बोली भोजपुरी का ही एक रूप है। इसमें हिन्दी, उर्दू एवं भोजपुरी के शब्द मिलते हैं।

18. समूहार्थक शब्द को चिह्नित कीजिए।

(a) स्तवक (b) पुरुष
(c) गमला (d) गुलाब

उत्तर–(a)

'स्तवक' समूहार्थक शब्द है। इसका अर्थ फूलों का गुच्छा, गुलदस्ता, ढेर, राशि आदि होता है।

19. 'जूही की कली' कविता के कवि कौन हैं?

(a) निराला (b) प्रसाद
(c) महादेवी वर्मा (d) पन्त

उत्तर–(a)

'जूही की कली' कविता के कवि सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' हैं। इनकी अन्य कविताएं हैं–'राम की शक्ति पूजा', 'सरोज स्मृति', 'कुकुरमुत्ता' आदि।

20. निम्नलिखित में से मिश्र वाक्य का चयन कीजिए।

(a) प्रातःकाल होने पर चिड़िया चहचहाने लगती हैं।
(b) सुबह पहली बस पकड़ कर शाम तक लौट आओ।
(c) जो विद्यार्थी परिश्रमी है, वह अवश्य सफल होगा।
(d) राजकुमार ने भाई को मार डाला और स्वयं राजा बन गया।

उत्तर–(c)

'जो विद्यार्थी परिश्रमी है, वह अवश्य सफल होगा'। यह वाक्य मिश्र वाक्य है। जिन वाक्यों में एक मुख्य या प्रधान वाक्य हो और अन्य आश्रित उपवाक्य हों, उन्हें मिश्र वाक्य कहते हैं।

21. शब्द युग्म के सही अर्थ भेद का चयन कीजिए–
अम्बुज-अम्बुद

(a) कमल-बादल (b) जल-कमल
(c) समुद्र-कमल (d) बादल-समुद्र

उत्तर–(a)

'अम्बुज' का अर्थ 'कमल' तथा 'अम्बुद' का अर्थ 'बादल' होता है।

22. दो समानार्थी शब्दों की पुनरुक्ति के बीच में किस विराम चिह्न का प्रयोग होता है?

(a) अल्पविराम (b) अर्द्धविराम
(c) योजक (d) कोष्ठक

उत्तर–(c)

जब एक ही शब्द की आवृत्ति एकाधिक बार हो अर्थात् किसी शब्द की पुनरुक्ति हो तो योजक चिह्न लगाया जाना चाहिए। जैसे–दौड़ो-दौड़ो, भागो-भागो। समानार्थी शब्द एक साथ हों तो योजक चिह्न लगाया जाना चाहिए। जैसे–लाल-सुर्ख, चिट्ठी-पत्री आदि।

23. 'पत्थर' का पर्यायवाची नहीं है–

(a) पाहन (b) उपल
(c) पाषाण (d) उरग

उत्तर–(d)

'उरग' 'पत्थर' का पर्यायवाची नहीं बल्कि साँप का पर्यायवाची है। पाहन, उपल, पाषाण, प्रस्तर आदि 'पत्थर' के पर्यायवाची हैं।

24. इस प्रश्न के पहले और अंतिम भाग को क्रमशः (1) और (6) की संख्या दी गई है। इनके बीच में आने वाले अंश को चार भागों में बांटकर (य) (र) (ल) (व) की संख्या दी गई है। ये चारों भाग उचित क्रम में नहीं हैं। इन चारों भागों को दिए गए विकल्पों में से उचित क्रम में लगाए ताकि एक सही वाक्य का निर्माण हो।

(1) आप सबको धोखा
(य) धोखा दे सकते हो, पर
(र) दे सकते हैं पर
(ल) दे सकते, आप खुद को
(व) खुद को नहीं
(6) वक्त को नहीं दे सकते।

(a) ल य व र (b) य ल व र
(c) व ल य र (d) र व ल य

उत्तर–(d)

उपर्युक्त अंशों को उचित क्रम में लगाकर निर्मित सही वाक्य इस प्रकार है–
आप सबको धोखा दे सकते हैं पर खुद को नहीं दे सकते, आप खुद को धोखा दे सकते हो, पर वक्त को नहीं दे सकते।

25. परिमाण वाचक क्रिया विशेषण अव्यय क्या है?

(a) क्षणभर (b) निःसन्देह
(c) अन्यत्र (d) अत्यन्त

उत्तर–(d)

जिन शब्दों से क्रिया के परिमाण का बोध होता है उन्हें परिमाण वाचक क्रिया विशेषण अव्यय कहते हैं। जैसे–थोड़ा, अत्यन्त, अधिक, अल्प आदि।

नोट : प्रश्न संख्या (26–30)–गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्राचीन समय में भारत विश्व में शिक्षा और संस्कृति का प्रमुख केन्द्र था। देश-विदेश के विद्यार्थी यहाँ शिक्षा प्राप्त करने आते थे। प्राचीन भारतीय शिक्षा प्रणाली के अन्तर्गत विद्यार्थी को पुस्तकीय ज्ञान और आध्यात्मिक ज्ञान प्रदान के साथ-साथ उसे शारीरिक शिक्षा भी प्रदान की जाती थी। उसे युद्ध कौशल भी सिखाया जाता था। इस प्रकार प्राचीन शिक्षण संस्थाएँ या आश्रम विद्यार्थी के चहुँमुखी विकास पर ध्यान देते थे। आज स्थिति भिन्न है, वर्तमान दोषपूर्ण शिक्षा प्रणाली सिर्फ डिग्रीधारी बेरोजगारों की भीड़ उत्पन्न कर रही है। आज के अधिकांश युवा शिक्षा प्राप्त करके भी स्वावलंबी नहीं बन पाते। उनके हृदय में देश और समाज के प्रति किसी भी प्रकार का कर्तव्यबोध उत्पन्न नहीं होता। वे अपनी प्राचीन परम्पराओं का सम्मान नहीं करते। वर्तमान शिक्षा प्रणाली युवाओं में राष्ट्र गौरव की भावना उत्पन्न करने में असफल रही है। समय-समय पर भारत के नीति निर्माताओं ने शिक्षा को बहुआयामी बनाने के अनेक प्रयास किए हैं। नई शिक्षा नीति में विद्यार्थी के नैतिक, मानसिक और शारीरिक विकास पर बल देने का प्रयास किया जा रहा है। अब नवीन शिक्षा प्रणाली के अन्तर्गत विद्यार्थियों को जाति, धर्म और भाषा के दायरे से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस शिक्षा प्रणाली में व्यावसायिक शिक्षा पर बल दिया जा रहा है ताकि शिक्षित लोगों को रोजगार उपलब्ध हो सके।

26. प्राचीन समय में विश्व में शिक्षा और संस्कृति का प्रमुख केन्द्र था–

(a) भारत (b) अमेरिका

(c) रूस (d) चीन

उत्तर–(a)

प्रस्तुत गद्यांश की पहली पंक्ति में ही उद्धृत है कि प्राचीन समय में विश्व में शिक्षा और संस्कृति का प्रमुख केन्द्र भारत था।

27. प्राचीन शिक्षण संस्थाएँ ध्यान देती थीं–

(a) विद्यार्थी के व्यावहारिक विकास पर

(b) विद्यार्थी के स्वास्थ्य पर

(c) विद्यार्थी के चहुँमुखी विकास पर

(d) पुस्तकीय विकास पर

उत्तर–(c)

प्रस्तुत गद्यांश की पाँचवीं से छठीं पंक्ति में उद्धृत है कि प्राचीन शिक्षण संस्थाएँ विद्यार्थी के चहुँमुखी विकास पर ध्यान देती थीं।

28. नवीन शिक्षा प्रणाली में विद्यार्थियों को प्रेरित किया जाता है–

(a) रोजगार करने के लिए

(b) राष्ट्रहित में कार्य करने के लिए

(c) प्राचीन परम्पराओं का सम्मान करने के लिए

(d) किसी के लिए नहीं

उत्तर–(b)

प्रस्तुत गद्यांश की अंतिम पंक्ति से ऊपर तीसरी पंक्ति में उद्धृत है कि नवीन शिक्षा प्रणाली में विद्यार्थियों को राष्ट्रहित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया जाता है।

29. नवीन शिक्षा प्रणाली में व्यावसायिक शिक्षा पर बल दिया जा रहा है ताकि–

(a) राष्ट्र का विकास हो सके

(b) शिक्षितों को रोजगार मिल सके

(c) विद्यार्थियों का नैतिक, शारीरिक व मानसिक विकास हो सके

(d) विदेशी विद्यार्थी आकर शिक्षा ग्रहण कर सके

उत्तर–(b)

प्रस्तुत गद्यांश की अंतिम पंक्ति में उद्धृत है कि नवीन शिक्षा प्रणाली में व्यावसायिक शिक्षा पर बल दिया जा रहा है ताकि शिक्षितों को रोजगार मिल सके।

30. 'पुस्तकीय' शब्द में प्रत्यय बताइए–

(a) कीय (b) य

(c) ईय (d) इय

उत्तर–(c)

'पुस्तकीय' (पुस्तक + ईय) शब्द में 'ईय' प्रत्यय लगा है।

31. वाक्य में त्रुटिपूर्ण भाग का चयन कीजिए। यदि कोई त्रुटि न हो, तो (d) भाग को चिह्नित कीजिए।

इस पुस्तक के विकास में/अनेक अध्यापकों,

(a)

शिक्षाविदों तथा भाषा-शास्त्रियों/ का सहयोग मिला है।

(b) (c)

कोई त्रुटि नहीं

(d)

उत्तर–(a)

प्रस्तुत वाक्य के विकल्प (a) में त्रुटि है। इसके स्थान पर 'इस पुस्तक के लेखन में' होना चाहिए।

32. निम्नलिखित में कौन-सी पुस्तक प्रेमचन्द द्वारा लिखित नहीं है?

(a) कायाकल्प (b) रंगभूमि

(c) कर्मभूमि (d) ध्रुवस्वामिनी

उत्तर–(d)

'ध्रुवस्वामिनी' जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित एक नाटक है। मुंशी प्रेमचन्द द्वारा लिखित पुस्तकें हैं – कायाकल्प, रंगभूमि, कर्मभूमि, निर्मला, गबन, गोदान आदि।

33. निम्नलिखित में से कौन अष्टछाप का कवि है?

(a) मीराबाई (b) सूरदास

(c) रसखान (d) विद्यापति

उत्तर–(b)

गोस्वामी विट्ठलनाथ ने संवत् 1602 के लगभग अपने पिता वल्लभाचार्य के 4 शिष्यों और अपने चार शिष्यों को लेकर अष्टछाप के प्रसिद्ध भक्त कवियों की मंडली की स्थापना की। अष्टछाप कवियों में शामिल थे–कुम्भनदास, सूरदास, परमानन्द दास, कृष्णदास, गोविन्द स्वामी, नन्ददास, छीतस्वामी एवं चतुर्भुजदास।

34. 'वह बहुत मधुर गाता है।' इनमें प्रविशेषण शब्द का चयन कीजिए–

(a) वह (b) बहुत

(c) मधुर (d) गाता

उत्तर–(b)

'वह बहुत मधुर गाता' है। वाक्य में प्रविशेषण शब्द 'बहुत' है। जो शब्द विशेषण की विशेषता बतलाते हैं, उन्हें प्रविशेषण कहा जाता है।

35. निम्नलिखित में से किसको 'साहित्य अकादमी' पुरस्कार मिला?

(a) नामवर सिंह (b) प्रेमचन्द

(c) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (d) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'

उत्तर–(a)

वर्ष 1971 में नामवर सिंह को उनकी साहित्यिक आलोचना कृति 'कविता के नए प्रतिमान' के लिए हिन्दी भाषा का 'साहित्य अकादमी' पुरस्कार मिला।

36. 'ज्ञानपीठ पुरस्कार' किस भाषा से सम्बन्धित है?

(a) हिन्दी से (b) संस्कृत से

(c) तमिल से

(d) संविधान की आठवीं अनुसूची की सभी भाषाओं से

उत्तर–(d)

'ज्ञानपीठ पुरस्कार' का सम्बन्ध संविधान की आठवीं अनुसूची की सभी (22) भाषाओं से है। यह भारत का सर्वोच्च साहित्यिक सम्मान है और प्रतिवर्ष संविधान की आठवीं अनुसूची में उल्लिखित भारतीय भाषाओं के किसी विख्यात साहित्यकार को प्रदान किया जाता है। वर्ष 2016 का 52वां ज्ञानपीठ पुरस्कार बांग्ला साहित्य के प्रमुख साहित्यकार शंखा घोष को प्रदान किया गया।

नोट : प्रश्न संख्या (37–38) में शब्दों के अर्थ विकल्पों में दिए गए हैं। इनमें कोई एक विकल्प गलत है अर्थात (उस शब्द का अर्थ नहीं है) उस विकल्प का चयन कीजिए।

37. तक्षक

(a) बढ़ई (b) सूत्रधार

(c) शिलान्यास (d) विश्वकर्मा

उत्तर–(c)

'तक्षक' का अर्थ 'शिलान्यास' नहीं है। बढ़ई, सूत्रधार, विश्वकर्मा, सर्प विशेष 'तक्षक' के अर्थ हैं।

38. भाव

(a) भवन (b) दर

(c) विचार (d) अभिप्राय

उत्तर–(a)

'भाव' का अर्थ 'भवन' नहीं है। दर, विचार, अभिप्राय, ढंग आदि 'भाव' के अर्थ होते हैं।

नोट : प्रश्न संख्या (39–40) में रिक्त स्थानों की पूर्ति दिए गए विकल्पों में से कीजिए।

39. आज के वैज्ञानिक नए-नए.....द्वारा हमारे जीवन को सुखमय बना रहे हैं।

(a) अनुसंधानों (b) आविष्कारों

(c) पदार्थों (d) विचारों

उत्तर–(b)

रिक्त स्थान पर 'आविष्कारों' होगा। पूर्ण वाक्य इस प्रकार होगा– आज के वैज्ञानिक नए-नए 'आविष्कारों' द्वारा हमारे जीवन को सुखमय बना रहे हैं।

40. यदि इस रोग को आरम्भ में ही काबू न किया गया, तो यह.....हो सकता है।

(a) संक्रामक (b) आक्रामक

(c) अतिक्रामक (d) अभिक्रामक

उत्तर–(a)

रिक्त स्थान पर 'संक्रामक' होगा। पूर्ण वाक्य इस प्रकार होगा– यदि इस रोग को आरम्भ में ही काबू न किया गया, तो यह 'संक्रामक' हो सकता है।

भाग–II (सामान्य जानकारी)

41. निम्न में से क्या पंचायती राज संस्था नहीं है?

(a) ग्राम सभा (b) ग्राम पंचायत
(c) न्याय पंचायत (d) ग्राम सहकारी संस्था

उत्तर–(d)

पंचायती राज व्यवस्था त्रि-स्तरीय शासन की व्यवस्था करती है जिनमें शामिल हैं–ग्राम स्तर पर ग्राम पंचायत तथा इसका चुनाव करने वाले गांवों के समूह की मतदाता सूची में शामिल व्यक्तियों से मिलकर ग्राम सभा नामक संस्था बनती है। ब्लॉक स्तर पर क्षेत्र पंचायत व जिला स्तर पर जिला पंचायत। न्याय पंचायत भारत में ग्राम स्तर पर विवाद समाधान की एक प्रणाली है। अत: ग्राम सहकारी संस्था पंचायती राज संस्था नहीं है।

42. भारत सरकार का मुख्य विधि अधिकारी कौन होता है?

(a) मुख्य न्यायाधीश
(b) सर्वोच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार
(c) कानून मंत्री
(d) महान्यायवादी

उत्तर–(d)

संविधान के अनुच्छेद 76 के अनुसार, भारत सरकार को कानूनी मामलों में परामर्श देने के लिए राष्ट्रपति महान्यायवादी की नियुक्ति करता है। यह भारत सरकार का प्रथम विधि अधिकारी होता है।

43. 'इंकलाब जिंदाबाद' का नारा किसने दिया था?

(a) चंद्रशेखर आजाद (b) महात्मा गांधी
(c) हसरत मोहानी (d) लोकमान्य तिलक

उत्तर–(c)

'इंकबाल जिंदाबाद' का नारा हसरत मोहानी द्वारा दिया गया था। इसका पहली बार प्रयोग सरदार भगत सिंह ने केंद्रीय असेंबली में बम फेंकने के बाद किया।

44. एक अक्षांश डिग्री (Latitude) कितने किलोमीटर को दर्शाता है?

(a) 111 किमी. (b) 141 किमी.
(c) 161 किमी. (d) 191 किमी.

उत्तर–(a)

1 डिग्री अक्षांश 111किलोमीटर को दर्शाता है। ग्लोब पर भूमध्य रेखा के समांतर खींची गई काल्पनिक रेखाओं को अक्षांश रेखाएं कहते हैं। अक्षांश रेखाओं की कुल संख्या 180 + 1 (भूमध्य रेखा सहित) है। पृथ्वी के गोलाकार होने के कारण भूमध्य रेखा से ध्रुवों तक दो अक्षांशों के मध्य दूरी भिन्न-भिन्न मिलती है। इसे यूनानी भाषा के अक्षर ϕ (फाई) से दर्शाया गया है।

45. 'नमामि गंगे' योजना के अंतर्गत भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर द्वारा कितने गांव को गोद लिया गया है?

(a) 4 (b) 5
(c) 6 (d) 7

उत्तर–(b)

'नमामि गंगे' योजना के अंतर्गत भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर द्वारा 5 गांवों को गोद लिया गया। यह संस्थान अपनी तकनीकी दक्षता का उपयोग नालों से बहने वाले पानी को गंगा में प्रवाहित होने से रोकने में करेगा। रामेलनगर, खोयरा कट्री, प्रतापपुर, हरिहिंदपुर और कट्री लाधव खेरा गांवों को गोद लिया गया है।

46. निम्न में से किस प्रदेश की मध्य आयु न्यूनतम है?

(a) राजस्थान (b) केरल
(c) उत्तर प्रदेश (d) महाराष्ट्र

उत्तर–(c)

बंगलुरू स्थित थिंक टैंक 'तक्षशिला संस्थान' द्वारा जनगणना 2011 के आंकड़ों पर किए गए अध्ययन के अनुसार, मेघालय (19), उत्तर प्रदेश (20) व बिहार (20) की मध्य आयु न्यूनतम है। जबकि तमिलनाडु (29), गोवा (30) व केरल (31) की मध्य आयु उच्चतम है।

47. उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 'समाजवादी पेंशन योजना' के लिए हाल ही में किसे प्रचार राजदूत नियुक्त किया गया है?

(a) अमिताभ बच्चन (b) साइना नेहवाल
(c) सुरेश रैना (d) विद्या बालन

उत्तर–(d)

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 'समाजवादी पेंशन योजना' का प्रचार राजदूत प्रसिद्ध अभिनेत्री विद्या बालन को नियुक्त किया गया है। इस योजना के तहत ग्रामीण महिलाओं को 500 रु. प्रतिमाह पेंशन दिया जाएगा।

48. भारत के किस राज्य ने सर्वप्रथम 'TWITTER SEVA' योजना आरंभ की है?

(a) दिल्ली (b) महाराष्ट्र
(c) गोवा (d) उत्तर प्रदेश

उत्तर–(d)

'TWITTER SEVA' योजना प्रारंभ करने वाला भारत का पहला राज्य उत्तर प्रदेश है। इसके तहत राज्य में पुलिस विभाग द्वारा लोगों की शिकायतों का निवारण करने व समस्याओं के दक्षतापूर्ण व तत्कालिक प्रत्युत्तर के लिए 122 ट्विटर हैंडल शुरू किए गए।

49. भारत में किस राज्य द्वारा सर्वप्रथम जी.एस.टी. की पुष्टि की गई है?

(a) आंध्र प्रदेश (b) हरियाणा
(c) असम (d) बिहार

उत्तर–(c)

जी.एस.टी. (वस्तु एवं सेवा कर) की पुष्टि करने वाला देश का प्रथम राज्य असम है। असम विधान सभा ने इस विधेयक की पुष्टि 12 अगस्त, 2016 को की।

50. विश्व में किस देश द्वारा क्रिकेट में सर्वप्रथम 900 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेले गए?

(a) ऑस्ट्रेलिया (b) इंग्लैंड
(c) भारत (d) पाकिस्तान

उत्तर–(c)

विश्व में सर्वप्रथम 900 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाला देश भारत है। भारत ने 900वां एकदिवसीय मैच न्यूजीलैंड के विरुद्ध खेला। ज्ञातव्य है कि भारत द्वारा प्रथम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच इंग्लैंड के विरुद्ध वर्ष 1974 में खेला गया था।

51. भारत देश का विश्व धरोहर स्थलों में संख्या के आधार पर कौन-सा स्थान है?

(a) चौथा (b) सातवां
(c) नौवां (d) दसवां

उत्तर–(b)

प्रश्नकाल के समय भारत देश का विश्व धरोहर स्थलों में संख्या के आधार पर सातवां स्थान था। किंतु वर्तमान में भारत में धरोहर स्थलों की संख्या 32 से बढ़कर 35 हो गई है तथा भारत का स्थान छठवां हो गया है।

52. मानव शरीर में रक्त का आयतन शरीर के भार का लगभग कितने प्रतिशत होता है?

(a) 77% (b) 21%
(c) 14% (d) 7%

उत्तर–(d)

मानव शरीर में रक्त का आयतन शरीर के भार का लगभग 7 प्रतिशत होता है।

53. कंप्यूटर प्रणाली में निम्न में से कौन-सा एक ऑपरेटिंग सिस्टम नहीं है?

(a) Windows (b) MS Office
(c) Unix (d) Linux

उत्तर–(b)

विंडोज़, यूनिक्स व लाइनक्स ऑपरेटिंग सिस्टम के नाम हैं जबकि एम.एस. ऑफिस एक एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर है।

54. इंटरनेट पर कंप्यूटर की पहचान किस प्रकार निश्चित होती है?

(a) IP Address (b) email address
(c) Street Address (d) User ID

उत्तर–(a)

इंटरनेट पर कंप्यूटर की पहचान IP Address द्वारा होती है। जब भी कंप्यूटर वेब से कोई सूचना प्राप्त करता है, तब इसका IP Address इसकी पहचान के रूप में कार्य करता है।

55. कंप्यूटर प्रणाली में निम्न में से सबसे अधिक संग्रह क्षमता किसकी होती है?

(a) Kilo byte (b) Giga byte
(c) Tera byte (d) Mega byte

उत्तर–(c)

कंप्यूटर प्रणाली में सबसे अधिक संग्रह क्षमता टेराबाइट में होती है।
8 बिट = 1 बाइट
1024 बाइट = 1 किलोबाइट
1024 किलोबाइट = 1 मेगाबाइट
1024 मेगाबाइट = 1 गीगाबाइट
1024 गीगाबाइट = 1 टेराबाइट

56. 'जन गण मन' जो भारत का राष्ट्रगान है, सर्वप्रथम कब गाया गया था?

(a) 27 दिसंबर, 1911 (b) 15 अगस्त, 1947
(c) 24 जनवरी, 1950 (d) 26 जनवरी, 1950

उत्तर–(a)

भारत का राष्ट्रगान 'जन गण मन' सर्वप्रथम 27 दिसंबर, 1911 को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन के अवसर पर गाया गया था।

57. भारत का विश्व में क्षेत्रफल के आधार पर कौन-सा स्थान है?

(a) दूसरा (b) चौथा
(c) छठां (d) सातवां

उत्तर–(d)

क्षेत्रफल के आधार पर भारत का विश्व में सातवां स्थान है। विश्व के छः बड़े देश क्रमशः–रूस, कनाडा, यू.एस.ए., चीन, ब्राजील एवं ऑस्ट्रेलिया हैं।

58. प्रथम विश्व युद्ध कब समाप्त हुआ था?

(a) 28 जुलाई, 1914 (b) 16 दिसंबर, 1915
(c) 11 नवंबर, 1918 (d) 22 अप्रैल, 1919

उत्तर–(c)

प्रथम विश्व युद्ध 28 जुलाई, 1914 को प्रारंभ और 11 नवंबर, 1918 को समाप्त हुआ।

59. केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने किसे 19 फरवरी, 2016 को 'जी.एस.टी.' पर बनी राज्यों के वित्त मंत्रियों की अधिकार प्राप्त समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया था?

(a) अरुण जेटली (b) सुशील कुमार मोदी
(c) के.एम. मणि (d) अमित मित्रा

उत्तर–(d)

केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने 19 फरवरी, 2016 को 'जी.एस.टी.' पर बनी राज्यों के वित्त मंत्रियों की अधिकार प्राप्त समिति का अध्यक्ष पश्चिम बंगाल के पूर्व वित्त मंत्री अमित मित्रा को नियुक्त किया था। उन्होंने के.एम. मणि का स्थान ग्रहण किया।

60. प्रतिध्वनि सुनने के लिए स्रोत तथा परावर्तन सतह के बीच कितनी न्यूनतम दूरी होनी चाहिए?

(a) लगभग 12 मीटर (b) लगभग 17 मीटर
(c) लगभग 27 मीटर (d) लगभग 37 मीटर

उत्तर–(b)

जब कोई ध्वनि होती है, तो उसकी संवेदना हमारे मस्तिष्क में 1/10 सेकंड तक बनी रहती है। मनुष्य का कान उन्हीं दो ध्वनियों के बीच अंतर कर सकता है जो उसे न्यूनतम 1/10 सेकंड के समयांतराल पर सुनाई दे। अतः प्रतिध्वनि सुनाई देने के लिए यह आवश्यक है कि कोई ध्वनि किसी वस्तु से टकराकर 1/10 सेकंड में स्रोत के पास वापस लौटे। वायु में ध्वनि का वेग 330 मी./सेकंड होता है। अतः ध्वनि द्वारा 1/10 सेकंड में चली गई दूरी 33 मी.। इस प्रकार प्रतिध्वनि सुनने के लिए परावर्तक सतह से ध्वनि के स्रोत की दूरी 33/2 = 16.5 (लगभग 17 मीटर)।

61. विश्व साक्षरता दिवस कब मनाया जाता है?

(a) 21 फरवरी (b) 27 जुलाई
(c) 5 अगस्त (d) 8 सितंबर

उत्तर–(d)

'विश्व साक्षरता दिवस' प्रतिवर्ष 8 सितंबर को मनाया जाता है। उल्लेखनीय है कि साक्षरता सतत विकास लक्ष्य 4 का हिस्सा है जिसका उद्देश्य समावेशी, समतापूर्ण व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना व आजीवन शैक्षणिक अवसर उपलब्ध कराना है।

62. भारत सरकार द्वारा दिया जाने वाला तृतीय उच्चतम नागरिक पुरस्कार कौन-सा है?

(a) पद्म श्री (b) पद्म विभूषण
(c) पद्म भूषण (d) भारत रत्न

उत्तर–(c)

भारत सरकार द्वारा दिया जाने वाला तृतीय उच्चतम नागरिक पुरस्कार पद्म भूषण है। सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार भारत रत्न, द्वितीय पद्म विभूषण व चतुर्थ पद्मश्री है।

63. वायुमंडल में लगभग कितने प्रतिशत नाइट्रोजन होती है?

(a) 78-79% (b) 40-42%
(c) 18-20% (d) 10-11%

उत्तर–(a)

वायुमंडल में 78% नाइट्रोजन, 21% ऑक्सीजन, 0.9% ऑर्गन, 0.03% कार्बन डाइऑक्साइड व 0 से 4.0% जल वाष्प होती है। अतः विकल्प (a) सही उत्तर है।

64. विश्व का चौथा सबसे बड़ा महाद्वीप कौन-सा है?

(a) अफ्रीका (b) उत्तरी अमेरिका
(c) दक्षिण अमेरिका (d) एशिया

उत्तर–(c)

क्षेत्रफल के आधार पर सात महाद्वीपों का क्रम इस प्रकार है– (i) एशिया, (ii) अफ्रीका, (iii) उत्तरी अमेरिका, (iv) दक्षिणी अमेरिका, (v) अंटार्कटिका, (vi) यूरोप एवं (vii) ऑस्ट्रेलिया। अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।

65. कबड्डी विश्व कप, 2016 में किस खिलाड़ी को सर्वश्रेष्ठ आक्रमणकर्ता (Raider) का खिताब दिया गया?

(a) अनूप कुमार (b) सुरजीत सिंह
(c) अजय ठाकुर (d) मेराज शेख

उत्तर–(c)

कबड्डी विश्व कप, 2016 में भारतीय खिलाड़ी अजय ठाकुर को सर्वश्रेष्ठ आक्रमणकर्ता (Raider) का तथा सुरजीत सिंह को सर्वश्रेष्ठ रक्षक का खिताब दिया गया। फाइनल मुकाबला भारत और ईरान के मध्य खेला गया। भारत विश्व कप, 2016 का विजेता व ईरान उपविजेता रहा।

66. बाइनरी संख्या (Binary Number) 11100001111 का दशमलव समतुल्य क्या होगा?

(a) 1806 (b) 1807
(c) 2806 (d) 2807

उत्तर–(b)



अतः अभीष्ट दशमलव समतुल्य $= 1024 + 512 + 256 + 8 + 4 + 2 + 1 = (1807)_{10} = 1807$

67. कंप्यूटर प्रणाली के अंतर्गत डाटा हस्तांतरण (Data Transmission) की आवृत्ति सीमा को क्या कहते हैं?

(a) Band (b) Bandwidth
(c) Byte (d) Bits

उत्तर–(b)

कंप्यूटर प्रणाली के अंतर्गत डाटा हस्तांतरण की आवृत्ति सीमा बैंडविड्थ (Bandwidth) कहलाती है।

68. निम्न में से क्या नागरिक समाज के रूप में नहीं माना जाता है?

(a) परिवार वंश (b) जाति संघ
(c) गैर-सरकारी संगठन (d) विधानमंडल

उत्तर–(d)

नागरिक समाज सरकार द्वारा समर्थित संरचनाओं और बाजार की वाणिज्यिक संस्थानों से अलग क्रियात्मक समाज को रूप देने वाले स्वैच्छिक नागरिक और सामाजिक संगठनों और संस्थाओं की समग्रता से बना होता है। अतः विधानमंडल जो कि विधायिका का अंग है, नागरिक समाज के रूप में मान्य नहीं है।

69. निम्न में से किस भारतीय पर्वतीय चोटी की ऊंचाई सबसे कम है?

(a) कंचनजंगा (b) नंदा देवी
(c) कामेट (d) मुकुट पर्वत

उत्तर–(d)

कंचनजंगा (8586 मी.), नंदा देवी (7816 मी.) व कामेट (7756 मी.) क्रमशः तीन शीर्ष ऊंची भारतीय पर्वत चोटियां हैं। ऊंचाई की दृष्टि से मुकुट पर्वत (7242 मी.) का स्थान 19वां है।

70. किसी वर्ष की उन तिथियों को क्या कहते हैं, जिनमें रात और दिन की लंबाई में अंतर सर्वाधिक होता है?

(a) विषुव (b) अपसौरिका
(c) संक्रांति (d) सूर्य समीपक

उत्तर–(c)

रात और दिन की लंबाई में सर्वाधिक अंतर संक्रांति पर होता है। संक्रांति एक खगोलीय घटना है। यह वर्ष में दो बार घटित होती है। संक्रांति पर सूरज अपने सबसे उत्तरी व दक्षिणी भ्रमण बिंदु पर पहुंच जाता है।

भाग–III (सामान्य बुद्धि परीक्षण)

71. निम्नलिखित प्रश्न में चिह्न (: :) के बाईं ओर दो शब्द दिए गए हैं, जो कि आपस में किसी प्रकार संबंधित हैं। ठीक उसी प्रकार का संबंध चिह्न (: :) के दाईं ओर दिए गए शब्द तथा उसके नीचे दिए गए विकल्पों में से किसी एक शब्द के बीच में भी है। सही विकल्प को चुनिए–

दोषी : भूतकाल : : आशा : ?

(a) भविष्यकाल (b) दु:ख

(c) वर्तमानकाल (d) निराशा

उत्तर–(a)

जिस प्रकार मनुष्य भूतकाल में किए गए किसी नकारात्मक कार्य का दोषी होता है, उसी प्रकार उसके द्वारा किए गए किसी सकारात्मक कार्य की भविष्यकाल में आशा होती है। अत: विकल्प (a) सही उत्तर है।

72. निम्नलिखित प्रश्न में चिह्न (: :) के बाईं ओर दो संख्याएं दी गई हैं, जिनमें आपस में किसी प्रकार से कोई संबंध है। ठीक उसी प्रकार का संबंध चिह्न (: :) के दाईं ओर दी गई संख्या तथा उसके नीचे दिए गए विकल्पों में से किसी एक विकल्प के बीच में भी है। सही विकल्प को चुनिए–

27 : 125 : : 64 : ?

(a) 517 (b) 162

(c) 216 (d) 273

उत्तर–(c)

जिस प्रकार उसी प्रकार

27 : 125 64 : $\boxed{216}$

$(3)^3$: $(5)^3$ $(4)^3$: $(6)^3$

+2 +2

अत: ? चिह्न के स्थान पर $(6)^3 = 216$ आएगा।

73. नीचे दिए गए प्रश्न में संख्याओं की शृंखला में एक संख्या गलत है, उस गलत संख्या का पता लगाएं।

36, 54, 18, 27, 22.5, 13.5, 4.5

(a) 13.5 (b) 18

(c) 22.5 (d) 27

उत्तर–(c)

36, 54, 18, 27, 22.5, 13.5, 4.5

दी गई शृंखला निम्नवत है

×2 ×2 ×2

36, 54 18, 27 $\boxed{9}$ 13.5, 4.5

×2 ×2

अत: 22.5 के स्थान पर 9 होगा। अत: विकल्प (c) सही उत्तर है।

74. नीचे दी गई शृंखला में दो खाली जगह हैं। दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर शृंखला को पूरा कीजिए।

13576, 17365, 75361, 63517,....,.....

(a) 13576, 73381 (b) 75381, 57632

(c) 16537, 35482 (d) 56713, 16537

उत्तर–(d)

दी गई शृंखला में प्रत्येक पद में (1, 3, 5, 7, 6) के अलावा किसी भी संख्या का प्रयोग नहीं किया गया है। अत: अन्य दो पद भी 1, 3, 5,7, 6 अंकों से बनी संख्या होगी। अत: विकल्प (d) उपयुक्त उत्तर होगा।

75. निम्न प्रश्न में दी गई संख्याओं की शृंखला में चिह्न (?) के स्थान पर नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए।

1, 2, 6, 7, 21, 22, 66, 67,?

(a) 70 (b) 134

(c) 201 (d) 301

उत्तर–(c)

प्रश्नगत शृंखला निम्न प्रकार है

1, 2, 6, 7, 21, 22, 66, 67, $\boxed{201}$

+1 ×3 +1 ×3 +1 ×3 +1 ×3

अत: ? चिह्न के स्थान पर 201 आएगा।

76. किसी पंक्ति में 'X' प्रारंभ से 14वें स्थान पर है और 'Y' अंत से 17वें स्थान पर है, जबकि 'Z', 'X' और 'Y' के ठीक मध्य में है। यदि पंक्ति में कुल 48 व्यक्ति हैं, तो 'X' और 'Z' के बीच कितने व्यक्ति हैं?

(a) 6 (b) 7

(c) 8 (d) 9

उत्तर–(c)

प्रश्नानुसार

_____X Z Y_____

_____14वें 17वें_____

X और Y के बीच में व्यक्तियों की संख्या

$= 48 - (14 + 17)$

$= 48 - 31 = 17$ व्यक्ति

यदि Z, X और Y के बीचों-बीच बैठा है

तो X Z Y

—8— —8—

X और Z के बीच व्यक्तियों की संख्या

= 8 व्यक्ति

अत: विकल्प (c) सही उत्तर है।

77. एक आदमी ने पश्चिम दिशा की ओर चलना शुरू किया। कुछ दूर चलने के बाद वह दाईं ओर मुड़ा, फिर वह दाईं ओर मुड़ा, आखिर में बाईं ओर मुड़ा। बताओ वह किस दिशा की ओर जा रहा है?

(a) उत्तर (b) पश्चिम

(c) उत्तर-पूर्व (d) पूर्व

उत्तर–(a)

प्रश्नानुसार

दी गई स्थितियों का पालन करने पर–



अतः चित्रानुसार स्पष्ट है कि अंत में व्यक्ति का मुख उत्तर दिशा की ओर होगा।

78. यदि A, B और K का भाई है। D मां है B की तथा E पिता है A का, तो निम्नलिखित में से कौन-सा निश्चित रूप से असत्य है?

(a) B भाई है K का (b) A पिता है K का

(c) D पत्नी है E की (d) A पुत्र है E का

उत्तर–(b)



अतः प्रश्नगत विकल्पों में निश्चित रूप से विकल्प (b) असत्य होगा। क्योंकि A, K का पिता नहीं भाई है। अतः विकल्प (b) सही उत्तर होगा।

79. दिल्ली के लिए बस हर 35 मिनट बाद छूटती है। पूछताछ अधिकारी ने एक यात्री को बताया कि दिल्ली की बस अभी 10 मिनट पहले ही छूटी है और आगामी बस 9 बजकर 35 मिनट पर जाएगी। बताइए पूछताछ अधिकारी द्वारा यात्री को सूचना कितने बजे दी गई?

(a) 9 बजकर 10 मिनट (b) 8 बजकर 55 मिनट

(c) 9 बजकर 8 मिनट (d) 9 बजकर 15 मिनट

उत्तर–(a)

पूछताछ अधिकारी द्वारा यात्री को आगामी बस छूटने का बताया गया समय = 9 : 35 बजे

अतः इसके पहले छूटी बस 35 मिनट पहले = 9 : 00 बजे

पूछताछ अधिकारी द्वारा यात्री को दी गई सूचना

= 9 : 00 + 0 : 10

= 9 बजकर 10 मिनट पर

अतः विकल्प (a) सही उत्तर है।

80. यदि किसी महीने की सात तारीख को शुक्रवार से तीन दिन पहले हो, तो महीने की 19 तारीख को कौन-सा दिन होगा?

(a) रविवार (b) सोमवार

(c) बुधवार (d) शुक्रवार

उत्तर–(a)

प्रश्नानुसार

7 तारीख से 3 दिन बाद अर्थात 10 तारीख को शुक्रवार है, तो महीने की 19 तारीख को ⇒ 17 तारीख को शुक्रवार तथा 19 तारीख को रविवार होगा।

अतः विकल्प (a) सही उत्तर है।

81. A तथा B ने एक बिंदु से विपरीत दिशाओं में चलना प्रारंभ किया। दोनों 5 किमी. चलकर अपने-अपने दाएं मुड़ गए और 7 किमी. चले। उसके बाद वे फिर से दाएं मुड़ गए और 5 किमी. चले। परिणामस्वरूप दोनों के बीच अब कितनी दूरी आ गई?

(a) 10 किमी. (b) 12 किमी.

(c) 14 किमी. (d) 17 किमी.

उत्तर–(c)

माना दोनों बिंदु O से चलना आरंभ करते हैं



अतः स्पष्ट है कि M और N के बीच की दूरी

OM + ON

= (7 + 7) किमी.

= 14 किमी.

अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।

82. एक रेलगाड़ी 3 मिनट विलंब से चल रही है और आगे वह प्रत्येक मिनट 3 सेकंड विलंब होती जा रही है। बताएं कि यह रेलगाड़ी कितने मिनटों के बाद पूरा एक घंटा विलंब हो जाएगी?

(a) 1140 मिनट (b) 1150 मिनट

(c) 1160 मिनट (d) 1200 मिनट

उत्तर–(a)

रेलगाड़ी 3 मिनट विलंब से चल रही है।

$\therefore$ रेलगाड़ी पूरा 1 घंटा विलंब होगी

57 मिनट विलंब होने में लगा समय

$\because = \frac{3}{60}$ मिनट (अर्थात 3 सेकंड) रेलगाड़ी विलंब होगी = 1 मिनट में

1 मिनट (अर्थात 3 सेकंड) रेलगाड़ी विलंब होगी $= \frac{1}{3/60}$ मिनट में

=57 मिनट (अर्थात 3 सेकंड) रेलगाड़ी विलंब होगी

$= \frac{57 \times 1}{3/60} = \frac{57 \times 60}{3} \Rightarrow 1140$ मिनट

83. एक पासे की फलकों पर 1 से 6 अंक अंकित किए हुए हैं। नीचे दी गई अलग-अलग अवस्थाओं का अध्ययन करें एवं ज्ञात करें कि 3 अंक वाले फलक के सामने वाले फलक पर कौन-सा अंक है?



(i) (ii) (iii) (iv)

(a) 5 (b) 6

(c) 2 (d) 4

उत्तर–(d)

दिए गए पासे में अगल-बगल के अंक विपरीत अंक नहीं हो सकते

अतः 6 के विपरीत $\Rightarrow$ 2 होगा। ($\because$ 5, 4, 3, 1 विपरीत अंक नहीं हो सकते)

4 के विपरीत $\Rightarrow$ 3 होगा ($\because$ 6, 5, 2, 1 विपरीत अंक नहीं हो सकते)।

अतः 3 अंक वाले फलक के सामने के फलक पर 4 अंक होगा।

अतः विकल्प (d) सही उत्तर है।

84. एक बस जब चली, तो उसमें निश्चित संख्या में कुछ यात्री बैठे हुए थे। पहले स्टॉप पर बस से आधे यात्री उतर गए और 35 यात्री बस में चढ़े। दूसरे स्टॉप पर $\frac{1}{5}$ यात्री उतर गए और 40 यात्री चढ़े। उसके बाद बस में कुल 80 यात्री थे और वह बिना रुके गंतव्य स्थल की ओर गई। बताइए आरंभ में बस में कितनी यात्री थे?

(a) 25 (b) 30

(c) 40 (d) 50

उत्तर–(b)

माना जब बस चली तब यात्रियों की संख्या x थी।

पहले स्टॉप पर आधे यात्री उतर गए इसलिए बचे यात्री $= x/2$

35 यात्री बस में चढ़े तब कुल यात्री $= \frac{x}{2} + 35$

दूसरे स्टॉप पर उतरे यात्री $= \left(\frac{x}{2} + 35\right)\frac{1}{5}$

दूसरे स्टॉप से बस के चलने के बाद यात्रियों की कुल संख्या

$$= \frac{4}{5}\left(\frac{x}{2} + 35\right) + 40$$

प्रश्नानुसार

$$\frac{4}{5}\left(\frac{x}{2} + 35\right) + 40 = 80$$

$$\frac{4}{5}\left(\frac{x}{2} + 35\right) = 40$$

$$\frac{x}{2} + 35 = 50$$

$$x = 30$$

अतः आरंभ में यात्रियों की संख्या 30 थी।

85. एक मशीन जो एक फीते को 10 मी. के टुकड़ों में काटती है, उसे एक बार काटने में 6 सेकंड लगते हैं। उसे 3 किमी. लंबा फीता पूरी तरह से टुकड़ों में काटने में कितना समय लगेगा?

(a) 174 सेकंड (b) 180 सेकंड

(c) 1794 सेकंड (d) 1800 सेकंड

उत्तर–(c)

मशीन द्वारा काटे गए टुकड़ों की कुल संख्या $= \frac{3000}{10} \Rightarrow 300$ टुकड़ा

300 टुकड़ों को काटने में मशीन द्वारा लगाए गए कटों (Cut) की संख्या = 299

अतः एक टुकड़ा काटने में लगा समय = 6 सेकंड

299 टुकड़ा काटने में लगा समय $= 299 \times 6 \Rightarrow$ 1794 सेकंड

अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।

86. यदि एक 15 सेमी. भुजा वाले घन की सभी सतहों को काले रंग से रंग दिया गया हो तथा इसे 3 सेमी. भुजा वाले छोटे-छोटे घनों में परिवर्तित करने के लिए काट दिया गया हो, तो ऐसे कितने घन होंगे, जिनकी केवल दो सतह पर काला रंग है?

(a) 18 (b) 24

(c) 36 (d) 54

उत्तर–(c)

बड़े घन की भुजा = 15 सेमी.

छोटे घन की भुजा = 3 सेमी.

$$n = \frac{15}{3} = 5$$

घन जिनके केवल दो सतहों पर काला रंग है = 12 (n – 2)

= 12 (5 – 2)

= 36

अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।

87. एक प्रतियोगिता में सात खिलाड़ियों ने भाग लिया। विजेता बनने के लिए प्रत्येक खिलाड़ी को अन्य सभी खिलाड़ियों से प्रतिस्पर्धा करनी होगी। बताइए प्रतियोगिता में कुल कितनी बार मुकाबला किया जाएगा?

(a) 14 (b) 21

(c) 42 (d) 49

उत्तर–(b)

पहले प्रतियोगी की बाकी छः प्रतियोगियों से मुकाबलों की संख्या = 6

दूसरे प्रतियोगी की बाकी 5 प्रतियोगियों से मुकाबलों की संख्या = 5

तीसरे प्रतियोगी की बाकी 4 प्रतियोगियों से मुकाबलों की संख्या = 4

चौथे प्रतियोगी की बाकी 3 प्रतियोगियों से मुकाबलों की संख्या = 3

पांचवें प्रतियोगी की बाकी 2 प्रतियोगियों से मुकाबलों की संख्या = 2

छठें प्रतियोगी की बाकी 1 प्रतियोगियों से मुकाबलों की संख्या = 1

प्रतियोगिता में हुए कुल मुकाबलों की संख्या

$= 6 + 5 + 4 + 3 + 2 + 1 \Rightarrow 21$

अतः विकल्प (b) सही उत्तर है।

88. एक संख्या को 391 से भाग देने पर शेष 58 आता है। उसी संख्या को 17 से भाग देने पर शेष क्या आएगा?

(a) 5 (b) 11

(c) 9 (d) 7

उत्तर–(d)

दी गई भाजक संख्या 391, 17 से पूर्णतः विभाज्य है।

$\because 58 = 3 \times 17 + 7$

अतः 58 में 17 से भाग देने पर शेष 7 बचेगा

तो उस संख्या में 17 से भाग देने पर भी शेष 7 बचेगा।

अतः विकल्प (d) सही उत्तर है।

89. 8.8 किमी. दूरी तय करने में एक चक्का 4000 बार परिक्रमा करता है। इसका व्यास कितना होगा?

(a) 73 सेमी. (b) 70 सेमी.

(c) 72 सेमी. (d) 75 सेमी.

उत्तर–(b)

चक्के की परिधि × चक्करों की संख्या

= चक्के द्वारा चली गई दूरी

$2\pi r \times 4000 = 8.8$ किमी.

$= 8.8 \times 1000 \times 100$ सेमी.

व्यास $\times \pi = \frac{88 \times 1000 \times 10}{4000}$ सेमी.

व्यास $\times \frac{22}{7} = 220$ सेमी.

व्यास = 70 सेमी.

अतः विकल्प (b) सही उत्तर है।

90. दी गई आकृति में कुल कितने पंचभुज हैं?



(a) 16 (b) 4

(c) 8 (d) 12

उत्तर–(d)



पंचभुजों की संख्या = (1, 2, 3, 4, 7, 6) (5, 6, 7, 8, 2, 3) (3, 4, 5, 6, 7, 2) (1, 2, 7, 8, 3, 6) तथा (1, 2, 3, 7, 6), (2, 3, 4, 7, 6), (2, 3, 5, 6, 7), (2, 3, 6, 7, 8) और (1, 2, 3, 4, 5, 6, 7), (1, 2, 3, 4, 6, 7, 8), (2, 3, 4, 5, 6, 7, 8), (1, 2, 3, 5, 6, 7, 8)।

अतः अभीष्ट पंचभुज 12 होंगे।